तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 पीएमश्री में विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन का आयोजन

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** ओबीसी महासभा एमसीबी ने अन्य पिछड़ा वर्ग के हित, संवर्धन व संरक्षण के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं में समानुपातिक हिस्सेदारी देने के लिए मुख्यमंत्री के नाम स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान ओबीसी महासभा जिला एमसीबी अध्यक्ष राम नरेश पटेल, अध्यक्ष सुनैना विश्वकर्मा, अध्यक्ष बालेश्वर राजवाड़े, जिला कोषाध्यक्ष कमलेश पटेल, सचिव राजकुमार पुरी, ब्लॉक मनेन्द्रगढ़ अध्यक्ष मनोज चक्रधारी, पी. मनी उपस्थित रहे।

### प्रश्नों के उत्तर भेजने के लिए कर्मी नियुक्ति

**मनेन्द्रगढ़।** छग विधान सभा की षष्ठम विधान सभा का तृतीय सत्र सोमवार 22 जुलाई से प्रारंभ होकर शुक्रवार 26 जुलाई तक संचालित होना है। विधान सभा प्रश्नों को प्राप्त कर उनके उत्तर समय-सीमा में भेजने के लिए शासकीय अवकाश के दिवसों में नीचे दर्शित कर्मचारियों कुंज बिहारी कुर्रे सहायक ग्रेड 2 को 13 जुलाई दिन शनिवार को, आशीष श्रीवास्तव सहायक ग्रेड 3 को 14 जुलाई दिन रविवार को, सुरेन्द्र जैन सहायक ग्रेड 2 को 17 जुलाई दिन मंगलवार को, संतोष कुमार रजक सहायक ग्रेड 2 को 20 जुलाई दिन शनिवार को तथा प्रतीक बक्शी सहायक ग्रेड 3 को 21 जुलाई दिन रविवार को उनके नाम के सम्मुख दिनांकवार दिवसों में ड्यूटी लगाई जाती है।

### अब तक 24.22 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** भू-अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घंटे के दौरान 1.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 183.3 मिमी वर्षा मनेन्द्रगढ़ तहसील में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में 1 जून से अब तक 140.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 9 जुलाई तक तहसील मनेन्द्रगढ़ में 183.3 मिमी, तहसील खड़गवां में 169.4 मिमी, तहसील चिरमिरी में 167.4 मिमी, तहसील केल्हारी में 97.6 मिमी, तहसील भरतपुर में 124.7 मिमी तथा तहसील कोटाडोल में 99.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** अवैध रूप से मादक पदार्थ विक्रय के लिए जा रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पटना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिलने पर थाना क्षेत्र के ग्राम खांड़ा में 8 जुलाई को दबिश देकर आरोपी परमेश्वर सोनवानी पिता धनसाय उम्र 30 वर्ष को एक थैला में गांजा रखकर बिक्री के लिए पैदल खोड़री बाजार की ओर जाने की सूचना मिली, इस पर दबिश देकर पूछताछ व जांच की गई तो आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से 700 ग्राम गांजा कीमत 7 हजार रूपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया।

## 32 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील के सामने धरना-प्रदर्शन

# पटवारी हड़ताल पर, आवास में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रांतीय निकाय के आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छग इकाई कोरिया के जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत वर्षों की मांग एवं समस्याओं के साथ भुईयां में हो रही गंभीर समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिलेभर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर 9 जुलाई से चले गए हैं। एक ओर प्रशासन द्वारा राजस्व पखवाड़ा की शुरूआत की गई है, इसके तहत विभिन्न पंचायतों में शिविर लगार राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण करना है, लेकिन इसी दौरान पटवारी संघ भी अपनी पुरानी मांगों एवं समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, इससे प्रशासन के साथ लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले दिन जिले के कई पटवारी हल्कों में पटवारी आवास सह कार्यालय में ताले लटके रहे, सभी हल्कों के पटवारी जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे, इससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न हल्का क्षेत्रों के लोगों को भूमि संबंधी व अन्य कार्यो को लेकर परेशान होना पड़ा। वर्तमान में स्कूल खुल गए हैं और विद्यार्थियों को जाति निवास आय प्रमाण पत्र बनवाने की जरूरत है, लेकिन पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण विद्यार्थियों को भी उक्त प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटकना पड़ रहा है।

लटका ताला।

तहसील के सामने हड़ताल पर बैठे पटवारी।

### पटवारियों को सुविधाओं का अभाव

जानकारी के अनुसार पटवारियों को ऑनलाईन कार्य करने के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्क्रेनर, इंटरनेट की सुविधा नहीं दी गई है, लेकिन पटवारियों से ऑनलाईन कार्य कराया जा रहा है, इसके लिए स्वयं ही खर्च उठाना पड़ रहा है। नेट भत्ता दिए जाने सहित अन्य सुविधा दिए जाने की मांग की जा रही है।

# 'आप' ने कलेक्टर को सीएचएमओ के खिलाफ दिया शिकायत पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

आम आदमी पार्टी जिला इकाई ने मंगलवार को स्वास्थ विभाग में हुए घोटाले के जांच के लिए कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंप जल्द ही कार्रवाई की मांग की है।

जिला एमसीबी में स्वास्थ्य विभाग के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सरकारी नियमों को अनदेखा करते हुए भर्ती घोटला किया गया है। जिला सचिव विकास पांडेय ने बताया कि इस घोटाले का खुलासा हमने प्रेसवार्ता के माध्यम से किया था। जिला सचिव श्री पांडेय ने कहा कि मुख्य आरोपी सीएचएमओ और पूर्व डीपीएम हैं, जिनकी मिलीभगत से इस भर्ती घोटाले को अंजाम दिया गया। इस घोटाले में बिना किसी प्रेस रिलीज के दस लोगों की अलग-अलग पदों पर जिले के अलग-अलग हिस्सों में अस्थाई नियुक्ति की गई। इस नियुक्ति पत्र में कहा गया कि ये सभी लोग 89 दिनों तक कार्य कर सकते हैं, उसके बाद इनकी नियुक्ति अपने आप समाप्त हो जाएगी। विकास पांडेय ने कहा कि आज 100 दिनों से ऊपर का समय बीत चुका है, इसके बावजूद ये सभी 10 लोग मानदेय प्राप्त कर रहे हैं और ड्यूटी कर रहे हैं।

स्वच्छता कर्मचारी के रूप में सीएचएमओ सुरेश तिवारी ने अपने ड्राईवर की भर्ती कर रखी है। ये पूरी प्रक्रिया ही गैर कानूनी है। पीएडिए और एएनएम के पद पर बिना रोस्टर के भर्ती किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के एचआर विभाग के अधिकारियों की भी संलिप्तता है, जिसकी जांच होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी जिला इकाई की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और जांच पूरी होने तक सीएचएमओ को उनके पद से हटाया जाए, क्योंकि वो एक राजनैतिक प्रभाव रखने वाले सरकारी अधिकारी हैं। सीएचएमओ सुरेश तिवारी पिछले 30 वर्षों से भी ज्यादा समय से एक ही क्षेत्र में पदस्थ हैं, जोकि एक चिंतन करने वाली बात है। इस मामले पर प्रशासन जल्द कार्रवाई करें।

# मटन मार्केट के सामने व्यर्थ बहता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल संरक्षण को लेकर लोगों को भी जागरूक रहना होगा। जल की महत्ता भीषण गर्मी में उन क्षेत्रों के लोगों से ज्यादा कोई नहीं जान सकता, जिन क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न हो जाती है। लोगों को चाहिए कि चाहे गर्मी का मौसम हो या फिर बरसात का मौसम हर मौसम में जल संरक्षण के प्रति गंभीर होना चाहिए।

■ सार्वजनिक नल में नहीं है टोटी

शहर के मटन मार्केट के सामने मुख्य मार्ग किनारे नपा द्वारा लगाए गए सार्वजनिक नल कनेक्शन दिया गया है, इस पर टोटी नहीं लगे होने के कारण कुछ माह पूर्व जल आपूर्ति के समय हजारों लीटर जल बर्बाद हो रहा था, तब हरिभूमि की खबर के बाद नपा प्रशासन द्वारा खुले नल पर टोटी लगा दी गई थी, लेकिन कुछ माह बाद फिर से पहले जैसी हाल हो गई। संभवतः किसी ने उक्त स्थान पर स्थित सार्वजनिक नल के टोटी को निकाल दिया है, इसके कारण पेयजल सप्लाई के समय लगातार जल बेकार बहते रहता है।

जानकारी के अनुसार शहर के मटर मार्केट के सामने मुख्यमार्ग किनारे सार्वजनिक नल का स्टैंड छोटा है, इस कारण डब्बे से पानी भरने में दिक्कत होती है। पूर्व में टोटी लगा देने के बाद लोग पाइप लगाकर पानी लेते थे, लेकिन अब टोटी हटा देने से जल आपूर्ति के दौरान तक जल बेकार बहते रहता है। ऐसी स्थिति में नपा प्रशासन को उक्त स्थान पर नल का बड़ा स्टैंड लगाकर टोटी लगाने की जरूरत है, ताकि टोटी लगाने के बाद पर्याप्त ऊंचाई होने के कारण पानी लेने में दिक्कत नहीं होगी, इससे कि नल सुरक्षित भी रहेगा।

व्यर्थ बहता पानी।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर स्टॉफ नर्स निलंबित

**बैकुण्ठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में वर्ष 2013 से पदस्थ एक स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी को कार्य में बेहद लापरवाही बरतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी के खिलाफ जिला अस्पताल बैकुंठपुर में लगातार कार्य में बेहद गंभीर लापरवाही, हीलाहवाला बरतने की शिकायत मिल रही थी। कार्यालयीन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचती थीं, उन्हें लगातार इस बारे में निर्देश देते रहे, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। 8 जुलाई को डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी तथा नायब तहसीलदार द्वारा जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान भी समय पर स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी अस्पताल नहीं पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन द्वारा स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी को ईसीजी कक्ष में काम करने की जिम्मेदारी दी गई थी,किंतु उनके द्वारा कभी भी जिम्मेदारी से काम नहीं की, वहीं उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित तिथि को भी हस्ताक्षर करने और मनमानी करने की शिकायत मिली थी। इन तमाम गंभीर लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर को निर्देश दिए कि स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी को इस कदाचरण की वजह से तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

# कलेक्टर ने की विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा हाईकोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। 17 जुलाई को जिले के श्रद्धालु रामलला के दर्शन हेतु जाएंगे।

समय-सीमा की बैठक की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका के अधिकारी को 11 जुलाई तक लिस्ट भेजने के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, खाद-बीज, आदि प्रमुख विषयों की समीक्षा की। उन्होंने हाईकोर्ट से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने बैठक में जन चौपाल, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कि ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता की जानकारी देने को कहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूल जतन योजना के तहत हुए कार्यों का सत्यापन की जानकारी ली तथा अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भाजपा के पदाधिकारी।

# बिजली समस्या पर सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** लचर विद्युत व्यवस्था एवं बरबसपुर समिति प्रबंधक की मनमानी के खिलाफ एमसीबी कलेक्टर को ज्ञापन देकर स्थानीयजन ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

नागपुर-बरबसपुर में बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर क्षेत्र की जनता परेशान हैं, इसके अलावा बरबसपुर समिति प्रबंधक के द्वारा किसानों को खाद एवं बीज के लिए लगातार घुमाया जा रहा है। नागपुर में पूरे समय सोसायटी न खोलने से क्षेत्र के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, इसे लेकर मंगलवार को भाजपा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और जल्द ही कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा महामंत्री अमित राय, मंत्री मनोज शुक्ला, पुनीत सिंह चंदेल, युवा महामंत्री दीपक यादव, आशीष राय, रिक्की राय उपस्थित रहे। कलेक्टर एमसीबी ने इस मामले में जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# 70 छात्राओं को किया साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग सरकार में छात्राओं के लिए चल रही सरस्वती साईकिल योजना से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आजाक मनेन्द्रगढ़ की छात्राएं लाभान्वित हुई। सरस्वती साईकिल योजनांतर्गत 70 छात्राओं को साईकिल वितरण किया।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित भाजपा कोरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, पार्षद अजमुद्दीन अंसारी,अनिल प्रजापति, डॉ. रश्मि सोनकर, दिनेश्वर मिश्रा, जेके सिंह, श्याम बिहारी रैकवार, रामचरित द्विवेदी, आलोक जायसवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, अंकुर जैन, शिव केवट सहित संस्था प्राचार्य यूबी मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव ने कहा कि छग में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना चला रही है, मुझे विश्वास है कि छात्राएं अब समय पर स्कूल आएंगी।

छात्राओं को मिला साइकिल।

डॉ.रश्मि सोनकर ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है। श्री श्रीवास्तव ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई कर नगर व स्कूल का नाम रोशन करने कहा। उन्होंने कहा कि पहले आसपास गांव से आने वाली छात्राओं को साइकिल नहीं होने से आने-जाने में काफी समय लगता था। साथ ही परेशानी उठानी पड़ती थी। पार्षद अनिल प्रजापति ने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से सहूलियत होगी। साथ ही छात्राएं अब समय पर स्कूल पहुंच सकेगी। इस अवसर उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए अपनी पार्षद निधि से दो लाख रूपए देने की घोषणा की। दिनेश्वर मिश्रा ने कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई है। बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ अभियान को आगे लाने में स्कूल के शिक्षक-शिक्षकों का भी काफी योगदान रहता है, मुझे विश्वास है कि यह स्कूल आने वाले समय में इस क्षेत्र का नाम और भी ऊंचा करेगा।

उपस्थितजन का आभार प्रदर्शन करते हुए संस्था के प्राचार्य यूबी मिश्रा ने कहा कि स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षकों का पूरा प्रयास रहता है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्राएं अपने लक्ष्य की ओर बढ़े। उन्होंने बीते वर्ष के परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए कहा कि हम क्वांटिटी पर नहीं बल्कि क्वालिटी पर भरोसा करते हैं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पारसमणी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य यूबी मिश्रा, मुकदेव राम, शिव शेखर सिंह, बीआर महिपाल, चंद्रमणि प्रसाद द्विवेदी, तारिक सिद्धिकी,श्रीमती सुनी कच्छप, श्रीमती मधुमिता चौधरी, श्रीमती निधि तिवारी, श्री पारसमणी, कुमारी माधुरी दास, श्रीमती राधा सिंह, सुदीप कुमार, श्रीमती निधि जैन, अप्पू राहा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव

# विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भारतीय संस्कृति में अगर कोई सबसे बड़ा जिम्मेदार व्यक्ति हैं, तो वह शिक्षक है, इसीलिए शिक्षकों को गुरूओं का स्थान दिया जाता है। मगर आज के इस मार्डन समय में शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध सिर्फ स्कूल तक ही सीमित होकर रह गया है। हमें इस सोच को बदलना है, तब ही हमारे ये नवनिहाल संस्कारवान होंगे।

स्कूल के वातावरण को कार्पोरेट जगत की तरह नहीं, बल्कि मंदिर की तरह होना चाहिए। सभी अभिभावक, विद्यार्थियों को स्कूल के भरोसे ही न छोड़े, उनकों घर में भी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होने पहुंचे छग शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारो से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर तीस नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य मंत्री ने तिलक लगाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया। पाठ्य-पुस्तक, सायकल और व्हीलचेयर का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार वृक्षों का पौधरोपण किया गया। आयोजन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने 10 वीं और 12 वीं के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित किया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अपर कलेक्टर अनिल सिदार और जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री जायसवाल एवं अन्य अतिथियों ने सेजस, पीएम श्री स्कूल चनवारीडांड़, शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला और हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। मुख्य अतिथियों ने पहली, छठवीं, नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा के 30 नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तक भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय की 22 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कक्षा दसवीं में राज्य स्तर पर 10 वां रैंक हासिल करने वाली विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा कुमारी शिप्रा तिवारी और हल्दीबाड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा बारहवीं के छात्र रोहित दीक्षित को जिले स्तर में प्रथम स्थान हासिल करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अतिथियों और समाज कल्याण विभाग के द्वारा कृति अंग वितरण किया गया। इसमे पांच लोगों को व्हील चेयर वितरण किया गया। इस दौरान सभी मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधि और अधिकारी न्योता भोज किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने की पहल में देश के हर नागरिक को शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंन कहा कि कोई भी व्यक्ति निरक्षर ना रहे, इसके लिए सरकार की पहल जारी है। पढ़ाने का कार्य सिर्फ शिक्षक का ही कार्य नहीं है, इसमें अभिभावक भी बच्चें को स्कूल भेजने के बाद और स्कूल के आने के बाद उनको घर में पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

पौधरोपण करते स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल।

### प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक, परीक्षा 26 को

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर (जमनीपारा) के प्राचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति के 9, अनुसूचित जाति के 4 अन्य पिछड़ा वर्ग 2, कक्षा 7 वीं में अनुसूचित जाति के 3, अन्य पिछड़ा वर्ग के 1, कक्षा 8 वीं में अनुसूचित जाति के 5 अन्य पिछड़ा वर्ग के 1, कक्षा 9 वीं में अनुसूचित जनजाति के 2, अनुसूचित जाति के 4 एवं कक्षा 11 वीं के अनुसूचित जनजाति के 13, अनुसूचित जाति 5 रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 25 जुलाई तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई को 11 से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वेतन विसंगति को लेकर न्यायिक कर्मचारी संघ ने की प्रार्थना सभा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा वेतन विसंगति दूर करने के संबंध में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में भारत भर के सभी राज्यों के न्यायिक कर्मचारियों को दिए जा रहे असमान वेतनमान के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जी से प्रार्थना की गई कि वह राज्य शासन को सद्बुद्धि दे। छत्तीसगढ़ के न्यायिक कर्मचारियों को अन्य राज्यों की तरह ही उच्च स्तरीय वेतनमान प्रदान किया जाए। न्यायिक कर्मचारी संघ प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन सरगुजा के जिला संयोजक कमलेश सोनी, सीएम मिश्रा, अनिल तिवारी, प्रामोद सिंह, अजीत सिंह, श्रीकांत चौबे, एसएल मालवीय, रवि सिंह, हरिशंकर सिंह, धनेश प्रताप सिंह शामिल हुए और न्यायिक कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

### गांवों में शुरू किया गया नशा उन्मूलन अभियान

**अम्बिकापुर।** ग्राम साल्ही में नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पीईकेबी के कर्मचारियों एवं परसा व साल्ही गांव के ग्रामीणों सहित कुल 87 लोगों ने भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब, तंबाखू सहित नशा युक्त पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्मकुमारी की सुश्री विद्या दीदी, संभव महिला मंच की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री वंदना दत्ता, योग प्रशिक्षक अजय तिवारी, नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी सुरेंद्र साहू, सामाजिक कार्यकर्ता मंगल पांडे, नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक अनिल मिश्रा शामिल हुए। सुश्री विद्या दीदी ने शराब मुक्त जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रेरक बातें कही। साथ ही समूह चर्चा में प्रतिभागियों को शामिल करने और शराब विरोधी संदेश को मजबूत करने की बात कही।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार करंजी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सनियाडीह निवासी तिलकधारी आ. स्व. माया राम (44 वर्ष) 27 जून की सुबह लगभग 9 बजे घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। ग्रामीण की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी दिलू बाई ने पुलिस को बताया कि तिलकधारी की दिमागी हालत पिछले तीन माह से ठीक नहीं था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति पुनर्गठित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियम के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर अम्बिकापुर सुनील कुमार नायक, पदेन सदस्य अम्बिकापुर थाना आजाक उप पुलिस अधीक्षक, आदिम जाति सदस्य सहा. अनुसंधान अधिकारी महेन्द्र खाण्डेकर, अजजा सदस्य सहायक संचालक कु. अंकिता मरकाम, अपि सदस्य परियोजना अधिकारी साक्षरता गिरिश गुप्ता तथा पदेन सदस्य सचिव आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त होंगे।

### थर्ड जेंडर से मारपीट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** थर्ड जेंडर से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीतापुर अंतर्गत सोनतराई निवासी सबनम टोप्पो तृतीय लिंग की है और शहर के जरहागढ़ में रहकर भिक्षावृत्ति कर जीवन यापन करती है। सबनम टोप्पो 6 जुलाई को बस स्टैंड में लोगों से भिक्षा मांग रही थी इस दौरान एक व्यक्ति से भिक्षा मांगने पर उसने थर्ड जेंडर सबनम से गाली गलौज की और उसके होंठ को काट दिया जिससे खून निकलने लगा। इस मामले में पुलिस ने घेराबंदी कर बलरामपुर के रघुनाथनगर करमडीहा जनकपुर निवासी 30 वर्षीय राम शुभक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 118(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रशासनिक भवन में विभिन्न विभागों के लिए कम पड़ रही जगह

# भकुरा परिसर में नहीं है मूलभूत सुविधाएं, विवि कर रहा कार्यालय स्थानांतरित करने की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थापना के बाद से भवन की समस्या से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन इसी माह प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक विभागों को ग्राम भकुरा स्थित निर्माणाधीन परिसर में स्थानांतरित करने की तैयारियां कर रहा है। अभी भी परिसर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। ऐसे में कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के नए परिसर में संचालन में अधिकारी-कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानी से जूझना पड़ेगा।

**खास बातें**

- स्थापना के बाद से ही उधार के भवन में चल रहा यूडीटी
- निर्माणाधीन परिसर में नहीं हैं सुविधाएं

विवि के भकुरा परिसर में वर्षों से चल रहे भवनों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। कुछ भवनों का निर्माण पूरा हुआ भी है तो उपयोग नहीं हो पा रहा है। इधर स्थापना के बाद शासकीय भवन में संचालित हो रहे प्रशासनिक भवन में जगह कम होने के कारण संचालन में समस्याएं आ रही है। विवि के अधिकारियों ने भकुरा परिसर में चल रहे कार्यों में तेजी लाने के साथ ही जगह की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से इस महीने प्रशासनिक कार्यालय व शैक्षणिक विभागों को नए परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। फिलहाल ऑडिटोरियम भवन को प्रशासनिक कार्यालय के लिए तैयार किया गया है जबकि यूटिलिटी बिल्डिंग एवं निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के भूतल में शैक्षणिक विभागों का संचालन करने की तैयारी है।

भकुरा परिसर में निर्माणाधीन भवन।

**सड़क के नाम पर पथरीले घाट**

वर्ष 2016 में विवि द्वारा मुख्य मार्ग से विवि परिसर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था जो अब जर्जर हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। विवि के मुख्य द्वार से निर्माणाधीन कार्यालय भवनों एवं आवासीय परिसर तक अभी सड़क नहीं बनी है। विवि द्वारा परिसर में आवागमन के लिए जेसीबी से कच्ची सड़क तैयार की गई है। पहाड़ी क्षेत्र की सड़क घाटनुमा है। सड़क में कहीं ऊंची चढ़ाई है तो कहीं खाई। बरसात में सड़क की मिट्टी पूरी तरह से बह जाती है तथा पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़े बच जाते हैं। ऐसे में वाहन चलाना तो दूर पैदल चलने में भी समस्या होती है। फिलहाल परिसर से सड़क बनाने के लिए फंड उपलब्ध नहीं है लिहाजा विवि अपनी जेसीबी से कच्ची सड़क की बाधाएं दूर करने का प्रयास कर रहा है। परिसर में लाइट एवं सुरक्षा की व्यवस्था भी बड़ी चुनौती है।

एसजीजीयू का भकुरा परिसर जंगल एवं पहाड़ का हिस्सा है। परिसर की भूमि पर अतिक्रमण कर कुछ ग्रामीणों ने अपने मकान बनाए हैं परिसर के निकट कोई गांव नहीं है। पहाड़ का हिस्सा होने के कारण परिसर में भूजल का स्त्रोत पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में परिसर में सबसे बड़ी समस्या शुद्ध पानी की है। विवि द्वारा परिसर स्थित ट्यूबवेल से ऑडिटोरियम भवन में पेयजल की व्यवस्था की है। ट्यूबवेल से भवन के ऊपर रखे पानी टंकी को भरा जाएगा तथा पूरे भवन में पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस व्यवस्था से प्रशासनिक भवन की जरूरतें तो पूरी हो जाएगी लेकिन शैक्षणिक विभागों एवं संभागभर से विवि कार्यालय पहुंचने वाले अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। भविष्य में आवासीय भवनों में पानी की आवश्यकता पड़ेगी जिसके लिए अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। परिसर में सुरक्षा, लाइट, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। ये कमियां विवि परिसर को आबाद करने की दिशा में बड़ी बाधा साबित हो सकती है।

**6 साल में नहीं बना जलागार**

शासन द्वारा विवि के भकुरा परिसर में जलागार बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। विवि ने शासन ने मिली संपूर्ण राशि लोनिवि को दे दी थी। लोनिवि ने वर्ष 2018 में जलागार के लिए स्वीकृत 1.20 करोड़ में से 30 लाख रूपए पीएचई को ट्रांसफर कर दिया था। पीएचई ने परिसर में एक दर्जन से अधिक ट्यूबवेल खनन कराया जिसमें 3 को छोड़कर सभी असफल निकले। इन्ही तीन ट्यूबवेल के पानी से भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्यूबवेल खनन कराने के बाद पीएचई के अधिकारियों ने जलागार निर्माण की पहल नहीं की। लोनिवि के अधिकारी भी मामले में चुप्पी साधे रहे। कार्यालय शैक्षणिक विभागों के परिसर के निर्माणाधीन भवनों में स्थानांतरण की तैयारियों के दौरान जलागार की जरूरत महसूस हुई तो अधिकारी अब सक्रिय हुए हैं। मामले में संभागायुक्त ने परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल जलागार निर्माण प्रारम्भ करने के साथ ही अन्य अधूरे निर्माणों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**संभागायुक्त ने दिए हैं निर्देश**

संभागायुक्त ने तकनीकी विभाग के अधिकारियों के साथ भकुरा परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। परिसर में अपने स्तर से सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुल सचिव, एसजीजीयू

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटवारी, किया धरना-प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** प्रदेश संगठन के अह्वान पर अपनी 32 सूत्रीय मांगों के समर्थन में राजस्व पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं पटवारी संघ इस बार मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल के जारी रखने के मुड़ में है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे के नेतृत्व में सोमवार को पटवारियों ने पूरे दिन धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष श्री चौबे ने बताया कि भूईयां पोर्टल की गड़बड़ियों के कारण पटवारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल की समस्याओं के निराकरण के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है लेकिन शासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है। भुईयां पोर्टल में आ रही त्रुटियों एवं परिवर्तन के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। संघ की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए भी शासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। पटवारियों को आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने के कारण कार्य में कई बाधाएं आ रही हैं। शासन द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं करने के कारण संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से नियमित राजस्व कार्यों के साथ ही राजस्व पखवाड़ा, स्कूली बच्चों का आवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे, संतोष अग्रवाल, शारदा सिन्हा, अंजू व्यास, शैलेन्द्र कुमार, नवीन श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

**राजपुर।** प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले राजपुर पटवारी संघ ने आज तहसीलदार यशवंत कुमार सिंह को पटवारियों 32 बिंदुओं पर मांग करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। पटवारी सोमवार से हड़ताल पर चले गए है। प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के राजपुर पटवारी संघ के अध्यक्ष पवन पांडेय के नेतृत्व में संघ द्वारा विगत वर्षों से लंबित पटवारियों के 32 बिंदु पर मांगो, पटवारियों की समस्याओ के निराकरण के संबंध में शासन को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था जिसका निराकरण नहीं होने पर आज से प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन आन्दोलन पर तहसील राजपुर के सभी पटवारी समस्त शासकीय कार्य को बंद कर हड़ताल में रहेंगे। इस अवसर में रजाउल हसन, विशाल अग्रवाल, विकाश एक्का, अमरजीत भगत, अनंत साय, राहुल सिंह, आशा पैंकरा, आदि पटवारी थे।

## गीता के नियमित पाठ से मिलता है विषम परिस्थितियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मालवीय मिशन द्वारा रविवार को पं.सुनील दत्त पाण्डेय के निवास पर गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। अध्यात्मिक संगोष्ठी में पं.दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि गीता का नियमित पाठ करने से व्यक्ति की चेतना प्रखर और आध्यात्मवादी बन जाती है। दुविधाएं दूर होती है। परिवार के विषम से विषम परिस्थितियों का समाधान निकालने में व्यक्ति सक्षम बनता है। पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के लिए व्यक्ति को ध्यान योग करना चाहिए। ध्यान योग की साधना से व्यक्ति के विचारों में स्थायित्व आता है। विद्यार्थी जीवन में यह बहुत लाभदायक है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि कर्म को पूजा मानकर व्यक्ति अपनी दिनचर्या करता है तो वह साधक बन जाता है। अनियमित दिनचर्या से व्यक्ति में अनेकों बीमारियों का जन्म होता है जिससे वह शारीरिक और मानसिक कष्ट झेलता है। भगवान श्री कृष्ण हमेशा कर्म करने का संदेश दिये है। सुनील दत्त पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति और व्यक्तित्व की पूजा आदि काल से की जा रही है। भगवान श्री कृष्ण हो या श्रीराम इनका जन्म मनुष्य रूप में हुआ। उनके कर्म और चरित्र का हमें अनुश्रवण करना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में भी इनके बतायें मार्ग पर चलने वालों की पूजा होती है। रामनारायण शर्मा, प्रकाश कश्यप, हरिशंकर सिंह, डॉ.राहुल आर्य, अशोक सोनकर ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रणविजय सिंह तोमर ने किया।

## डीईओ के निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर शिक्षकों को जारी किया गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने सोमवार को विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान प्राथमिक शाला लालमाटी में दर्ज संख्या 40 में से 26 बच्चे उपस्थित मिले। विद्यार्थियों की कम उपस्थिति होने पर सहायक शिक्षक फूलवन्ती राजवाड़े व नीलम पटेल को स्पष्टीकरण जारी किया गया।

शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला लालमाटी के निरीक्षण में दर्ज संख्या 40 में से 14 बच्चे उपस्थित मिले। शिक्षक दैनन्दिनी अपूर्ण तथा शिक्षा का स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। कुल दर्ज संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना अधिक पायी गयी। विद्यालय में 40 विद्यार्थियों हेतु कुल 5 शिक्षक पदस्थ है इसके बावजूद विद्यार्थियों का स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। लापरवाही पर प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती उषा सोनी, श्रीमती अनिता सिंह, श्रीमती पूजा यादव व श्रीमती साहिला बानो को स्पष्टीकरण जारी किया गया।

बच्चों से सवाल पूछते डीईओ।

पूर्व माध्यामिक शाला सुमेरपुर के निरीक्षण में दर्ज संख्या 41 में 25 बच्चे वहीं प्राथमिक शाला सुमेरपुर में दर्ज 44 में से 37 बच्चे उपस्थित मिले। दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता संतोषप्रद पायी गयी। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यामिक शाला सायर राई के निरीक्षण के दौरान परिसर की साफ-सफाई एवं मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालित कराने निर्देश दिया गया। शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला जरहाडीह के निरीक्षण में शिक्षक अपनी कक्षाओं में अध्यापन करते मिले। डीईओ ने गणित, अंग्रेजी व विज्ञान के प्रश्न विद्यार्थियों से किए जिनका जवाब विद्यार्थियों ने सही दिया। इस दौरान डीईओ ने संस्था प्रमुखों को जिले के नव पदस्थ अधिकारियों के नाम एवं उनके मोबाइल नंबर अपडेट करने के निर्देश दिये। इस दौरान समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना अधिकारी रविशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

## मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया डीन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डीन के खिलाफ कर्मचारियों का आक्रोश, मेडिकल कॉलेज में मनमानी का आरोप

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रांतीय महामंत्री अनिल पाण्डेय के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं के विरूद्ध धरना प्रदर्शन कर अधिष्ठाता का घेराव किया। प्रांतीय महामंत्री श्री पाण्डेय ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने के बाद प्रबंधन द्वारा लगातार शासन के नियमों को दरकिनार कर विभागीय नियुक्ति एवं पदोन्नति की जा रही है। संघ द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रशासन, कलेक्टर एवं कमिश्नर इसकी लगातार शिकायतें की गई परंतु कारगर कार्रवाई नहीं होने के कारण मजबूरन स्वास्थ्य कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.मूर्ति से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराया। डीन ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन संघ की मांगों का परीक्षण कर कार्रवाई कर रहा है। छह मांगों में से 2 पर कार्रवाई करते हुए भर्ती विज्ञापन में संशोधन किया गया है। अन्य मांगों का परीक्षण कर उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्रवाई की जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि डीन से सकारात्मक चर्चा हुई है। डीन ने सभी मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो 15 दिवस पश्चात संघ अनिश्तिकालीन आंदोलन करने पर विचार करेगा। इस दौरान दुर्गेश त्रिपाठी, श्यामाकांत त्रिपाठी, हेमन्त मरावी, मो.अब्दुल जाकिर, मिथलेश यादव, ओंकार पाण्डेय, इंद्रसेन विश्वकर्मा, शैलेंद्र भगत, श्रीमती करिश्मा केरकेट्टा, श्रीमती योगिता ठाकुर, श्रीमती चन्द्रकिरण सिन्हा, लक्ष्मी बैरागी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

धरना-प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

## क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेंद्र को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेन्द्र प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन के बाद सरगुजा क्रिकेट जगत में शोक की लहर है। सरगुजा क्रिकेट संघ द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन उनके पुराने बस स्टैंड स्थित घर में किया गया। शोक सभा में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के क्रिकेट संघ के संरक्षक टीएस सिंहदेव सहित सभी खिलाड़ी और नागरिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री सिंहदेव ने कहा कि अपने समय के मध्यम गति के तेज गेंदबाज रहे सोमेन्द्र प्रताप सिंह ने क्रिकेट खेल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और अपने खेल जीवन में अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरगुजा के खेल जगत के लिए उनका जाना काफी दुखद है। सरगुजा क्रिकेट संघ के सचिव विनित विशाल जायसवाल ने कहा कि सोमेन्द्र प्रताप सिंह क्रिकेट के लिए लगातार बढ चढ कर हिस्सा लेते थे। मैदान में जब भी संघ के लोगों को और खिलाड़ियों को उनकी जरूरत होती तो वे हमेशा साथ देते थे और बच्चों को अपने अनुभव का लाभ देते थे। शोक सभा के दौरान त्रिभुवन सिंह, संजय सिंह, डॉ. विश्वजीत जायसवाल, शानू मुखर्जी, निर्मल सोनी, सारंगधर सिंह, शैलू सिंह, विवेक सिंह, राजेश अग्रवाल, अशोक सिंह, अभय त्रिपाठी, विकास शर्मा, जीवन यादव, ज्ञानेश्वर सिंह, अलंकार तिवारी, नितिन तिर्की, कार्तिक शर्मा, आयुष सिंह सहित अन्य खिलाडी उपस्थित थे।

## अंकसूची व टीसी के लिए स्कूल का चक्कर लगा रहे कक्षा 5वीं के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

शासन प्रशासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। लेकिन जिले के बतौली शिक्षा विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। आलम यह है कि कक्षा पांचवी के परीक्षा समाप्त हुए 3 महीने हो जाने के बाद भी आज तक दो प्राथमिक शाला स्कूलों में अंक सूची और टीसी बच्चों को वितरण नहीं किया गया है। ऐसे में बच्चे अंक सूची व टीसी के लिए स्कूल का चक्कर लगाने को मजबूर है।विकासखंड बतौली के दूरस्थ व पहाड़ी कोरवा बाहुल्य ग्राम पंचायत गोविंदपुर के प्राथमिक शाला स्कूल और प्राथमिक शाला लोटापारा स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा न सिर्फ बड़ी लापरवाही बरती गई है बल्कि नए शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के बावजूद बच्चों को अंकसूची व टीसी वितरण नहीं किया गया। पिछले शिक्षा सत्र में दोनों स्कूल के कक्षा पांचवी के 27 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होने के बाद अंकसूची और टीसी लेने के लिए स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं जिससे नए शिक्षा सत्र में कक्षा छठवीं में प्रवेश ले सके। लेकिन लापरवाह दोनों स्कूल के प्रधान पाठक नई शिक्षा सत्र शुरू होने के बावजूद आज तक स्कूल नहीं पहुंचे हैं। ऐस में अंक सूची व टीसी के अभाव में 27 छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इधर अभिभावक अंकसूची और टीसी के लिए हर रोज बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचते है लेकिन प्रधान पाठक के नदारद रहने से निराश होकर वापस लौट जाते है। ऐसे में अभिभावकों में आक्रोश है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है।

- बतौली शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही
- तीन माह बाद भी बच्चों को वितरण नहीं किया अंकसूची व टीसी

**की जाएगी कार्रवाई**

कक्षा पांचवी के दोनो प्राथमिक शाला के बच्चों को अंकसूची व टीसी वितरण नहीं किया गया है इसकी जानकारी नहीं है। शिक्षकों द्वारा की गई लापरवाही पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-शरद चंद मेषपाल, बीईओ बतौली

## सड़क पर दौड़ते मवेशी से टकराकर घायल हुआ एलआईसी अभिकर्ता

**बिश्रामपुर।** बारिश शुरू होने के साथ सड़को में डेरा जमाए आवारा मवेशी दो पहिया वाहन सवारों के लिए काल साबित हो रहे हैं। एन एच 43 में बारामिल जंगल करमपुर मोड़ के पास अचानक दौड़ कर सड़क पर आ गए मवेशी से टकरा बाइक सवार एलआईसी एजेंट गंभीर रूप से जख्मी हो गए ।बताया गया कि भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बिश्रामपुर चोपड़ा कॉलोनी निवासी बसंत त्रिपाठी अपने बाइक से सोमवार दोपहर अंबिकापुर जा रहे थे तभी बारामील जंगल करमपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के आगे अचानक सड़क पर दौड़ते बाइक के सामने आ गए मवेशियों से टकरा उनकी बाइक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना में सिर मुंह के बल गिरे त्रिपाठी को गंभीर चोट के बाद राहगीरों ने उन्हें बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया ,यहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जांच उपरांत उन्हे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रायपुर रेफर किया है।

# बॉबी सालों तक बेरोजगार रहा शराब की भी लग गई थी लत

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने कुछ हिट फ़िल्में भी दी लेकिन फिर वो मुकाम भी आया जब इनका करियर ढलान पर चला गया। फिल्मों के ऑफर कम होते चले गए और इसने खुद को शराब की लत में डूबो लिया। वे कई सालों तक बेरोजगार रहा। लेकिन फिर किस्मत का सितारा चमका और एक सच्चा दोस्त सलमान खाने इनके लिए मसीहा बन गया। आज बॉबी सबसे बीजी पैन इंडिया स्टार बन गया है। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के हीमैन यानी धर्मेंद्र के बेटे और सनी देओल के छोटे भाई बॉबी देओल हैं।

लाइफ Style

# उर्फी

## नशे की हालत में दिखाई दीं

उर्फी जावेद ने सबका ध्यान अपनी ओर एक बार और तब खींचा जब वह मुंबई में एक पार्टी से बाहर निकलीं लेकिन सीधे चल नहीं पा रही थीं। इस दौरान उन्हें देखकर यही लग रहा था कि उर्फी नशे की हालत में हैं और उन्होंने कुछ हद से ज्यादा ही शराब पी रखी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद ने शनिवार रात को एक पार्टी में शराब पीकर आने की अटकलों को एक बार फिर से हवा दे दी है। यह अफवाह ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो से फैली, जिसमें उर्फी को चलने में दिक्कत हो रही थी। बिग बॉस ओटीटी की पूर्व प्रतिभागी उर्फी को कुछ दोस्त और उनकी बहन रेस्टोरेंट से साथ बाहर लाए। इस समय उर्फी की हालत देखकर ही पता चल रहा था कि मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर है, क्योंकि इस दौरान उर्फी की चाल बदली नजर आई। इस दौरान उर्फी ने गुलाबी रंग की शॉर्ट मिनी ड्रेस पहनी हुई थी। उर्फी ने अपने बालों को बांधा हुआ था। उर्फी हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थी। पार्टी के बाद, जब उर्फी को उनकी कार तक बड़ी ही मुश्किलों से पहुंचाया गया। कैमरों से घबराई हुई उर्फी अपनी दोस्त और बहन को पकड़कर कार की ओर जाती दिखीं। अभिनेत्री अपनी कार तक पहुंचने में सफल रहीं और उसमें बैठ गईं, जबकि उनकी दोस्त ने कैमरामैन से पीछे हटने का अनुरोध किया। वीडियो को इंस्टाग्राम पर कई यूजर्स ने साझा किया है। अब उर्फी के इस वीडियो के बाद यूजर्स लगातार सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'वह बहुत नशे में है।'

हॉलीवुड मसाला

# 'अफ्रेड' 30 अगस्त को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** सोनी की साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' में जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन नजर आएंगे। यह फिल्म डिजिटल फैमिली असिस्टेंट के बारे में है जो जानलेवा बन जाता है। जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन फिल्म में अहम भूमिका में दिखाई देंगे। डिजिटल फैमिली असिस्टेंट एआईए परिवार के व्यवहार को जानती है और उनकी जरूरतों का अनुमान लगाना शुरू कर देती है। ब्लमहाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अगले साल रिलीज होगी फॉर्मूला वन मूवी 'एफ1'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के फेमस और दमदार एक्टर ब्रैट पिट की फॉर्मूला वन मूवी 'F1' की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वार्नर ब्रदर्स और एप्पल की तरफ से इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसने रोंगटे खड़े कर दिए। 'टॉप गनः मेवरिक' के डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की ने इसका निर्देशन किया है और ये फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी। 1 मिनट 45 सेकेंड के वीडियो में रेस ट्रैक और उस पर फर्राटा भरती हुईं रेसिंग कार दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा रही हैं। इस फिल्म को 25 जून 2025 को थिएटर्स में देख सकेंगे। ये यूएस और कनाडा में 27 जून को दस्तक देगी। इसका टीजर देखते ही फैंस कह रहे हैं कि ये पक्का ऑस्कर में जाएगी। 60 साल के ब्रैट पिट को एक एक्स रेसर के किरदार में देखा जाएगा, जो फॉर्मूला 1 में वापस लौटता है।

# मनीषा को फोटोग्राफर ने लगाई थी डांट...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने एक चौंकाने वाला किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार एक मशहूर फोटोग्राफर ने उनसे टू-पीस बिकिनी में पोज देने के लिए कहा था। हालांकि, वे तैराकी के लिए बिकिनी पहनती हैं, लेकिन उन्होंने फोटोशूट के लिए मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर की शुरुआत में ही मुझे तस्वीरें लेने के लिए कहा गया था और वहां एक बहुत प्रसिद्ध फोटोग्राफर थे। उन्होंने कहा, 'तुम अगली सुपरस्टार हो और यह और वह।' फिर वह मेरे पास एक टू-पीस बिकिनी लेकर आया और मुझे इसे पहनने के लिए कहा। मैंने उससे कहा, 'सर, मैं इसे तब पहनती हूं, जब मैं समुद्र तट पर जाती हूं या तैराकी के लिए जाती हूं, लेकिन अगर मुझे फिल्मों में आने के लिए इस तरह से जाना है तो मैं इसे नहीं चाहती और मैं इसे नहीं पहनूंगी। तो फोटोग्राफर ने उन्हें

# डांस से करोड़ों की दौलत कमा चुके हैं...

**नई दिल्ली।** अपने स्लो मोशन डांस के जरिए लोगों का दिल जीतने वाले राघव जुयाल 10 जुलाई को अपना 33वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। राघव जुयाल अब डांसर के साथ-साथ एक एक्टर भी बन चुके हैं। उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं अब वो हालिया रिलीज फिल्म 'किल' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचा रहे हैं। जिसमें उनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। इस रिपोर्ट में हम आपके लिए राघव की लैविश लाइफस्टाइल, इनकम और नेटवर्थ की डिटेल्स लेकर आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राघव एक एपिसोड के लिए 3 लाख से ज्यादा रुपए जार्च करते हैं। इसके अलावा उनके सोशल मीडिया और ब्रांड एंडोर्समेंट से भी तगड़ी कमाई होती है।

टीवी मसाला

# दूरदर्शन में देखिए दुनिया भर में मशहूर भारत की निधियां

**नई दिल्ली।** 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक शामिल होंगे, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके फिल्म निर्माता सतीश पांडे भारतीय दर्शकों के लिए एक नया आकर्षक शो लेकर आए हैं, जो भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त उत्पादों को दिखाने पर केंद्रित है। इस शो का नाम 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' है। इस शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक (जीआई प्रमाणित) शामिल हैं, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर रहे हैं। 'इंडियन आइडल', 'जी सिनेस्टार्स' और 'खुल जा सिम सिम' जैसे लोकप्रिय शो में अपनी मेजबानी के लिए जाने जाने वाले अनुभवी भारतीय अभिनेता अमन वर्मा इस नए शो के होस्ट हैं। यह शो 6 जुलाई से शुरू हो चुका है। यह शो दर्शकों को भारत की समृद्ध कृषि, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस शो का प्रसारण दूरदर्शन के प्रमुख चैनल डीडी नेशनल पर हर शनिवार सुबह 11 बजे और इसका पुनः प्रसारण शाम चार बजे हो रहा है।

# अरमान के थप्पड़ कांड के बाद इस गायक का जीना मुश्किल

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय गायक और संगीतकार अरमान मलिक अपने कई दिल को छू लेने वाले गानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, वे अपने जीवन को कम महत्वपूर्ण रखना पसंद करते हैं, लेकिन गायक की हाल ही में की गई प्रतिक्रिया ने सुर्खियां बटोरी हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अरमान ने उन लोगों के लिए एक लंबा स्पष्टीकरण नोट साझा किया है, जो उन्हें बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रतिभागी अरमान मलिक के साथ जोड़ रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं। मेरा इस व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है और मैं किसी भी तरह से उसका या उसकी जीवनशैली का समर्थन नहीं करता हूं। यह स्थिति मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है और इतने सारे लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है।



# आसान नहीं है पैरेंटिंग

**नई दिल्ली।** हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, 'यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता।' इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। मैं उससे यह नहीं कहना चाहता, क्योंकि यही वह उम्र है, जिसमें मैं उसका जीवन जीना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वह खुश और प्रसन्न रहे, क्योंकि वह एक खुश बच्चा है। वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।

# जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं शबाना आजमी, कैसे हुआ प्यार, खुद एक्ट्रेस ने बताया

*नई दिल्ली । शबाना आजमी और जावेद अख्तर को इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक माना जाता है। दोनों की जोड़ी शुरुआत से ही फैंस की फेवरेट रही है।अब एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरव्यू में बताया है कि शुरुआती दिनों में वो जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं और उनसे दूरी बनाए हुए थीं। हालांकि बाद में उन्हें समझ आया कि उनकी सोच गलत है। अरबाज खान के टॉक शो 'द इनविंसिबल सीरीज' में बात करते हुए शबाना ने बताया कि जावेद अख्तर शुरुआती दिनों में उनके पिता से मिलने उनके घर आया करते थे। शबाना के पिता मशहूर उर्दू कवि कैफी आजमी थे। उन्होंने कहा, 'हम दोनों के ही पिता कम्युनिस्ट और गीतकार थे। हमारे बैकग्राउंड मिलते-जुलते थे। उन दिनों उन्होंने (जावेद अख्तर) शायरी सुनाना शुरू किया था और वो मेरे अब्बा को अपना लिखा हुआ सुनाने घर आते थे।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'लेकिन मैंने उनसे दूरी बनाई हुई थी, क्योंकि मैंने सुना था कि सलीम-जावेद की जोड़ी घमंडी है और उनसे दूर रहना ही अच्छा है। तो मैंने उनपर खास ध्यान नहीं दिया था। मेरी फिल्म स्पर्श (1980) देखने के बाद उन्होंने बहुत तारीफ की थी। फिर वो मेरे घर आए और हम सभी, जिन्होंने फिल्म में काम किया था, उन्हें आमंत्रित किया। उन्हें फिल्म का हर डायलॉग याद था और हम सभी की छोटी-छोटी बातें और डिटेल्स याद थीं। तब मुझे समझ आया कि वो अच्छी समझ वाले इंसान हैं। उसके बाद से मैं जब भी उनके साथ बैठती थी मुझे एहसास होता था कि वो और मेरे अब्बा एक जैसे हैं। मुझे महसूस हुआ कि वो मेरे लिए सही इंसान हैं और इसी तरह हमारे रिश्ते की शुरुआत हुई।' शबाना आजमी ने इसी इंटरव्यू में ये भी खुलासा किया कि जावेद अख्तर अपनी जिंदगी में शराब की लत का सामना भी कर चुके हैं। ये वक्त गीतकार के साथ-साथ शबाना के लिए भी बेहद मुश्किल था। एक्ट्रेस ने कहा था कि जावेद जानते थे कि अगर वो यूं ही शराब पीते रहे तो ज्यादा वक्त जिंदा नहीं रहेंगे और उन्हें क्रिएटिव तौर पर अपना काम करने का मौका नहीं मिलेगा। शबाना और जावेद ने 9 दिसंबर 1984 को शादी की थी।*

# जहीर ने शेयर की सोनाक्षी संग सात साल पुरानी तस्वीर

नई दिल्ली। जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा से शादी करने के बाद सात साल पुरानी एक तस्वीर शेयर की है। ये तस्वीर तब की है, जब उन्होंने सोनाक्षी को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने अपनी पत्नी पर प्यार उड़ेलते हुए कहा कि उन्हें तब ही अहसास हो गया था कि वे हमेशा साथ रहने वाले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दुनिया की नजरों से छिप-छिपकर प्यार किया। इनकी डेटिंग की अफवाहें तो बीते कुछ सालों में उड़नी शुरू हुईं, लेकिन ये साल 2017 से साथ थे और तब किसी को इसकी खबर नहीं थी। अब जहीर ने उस खूबसूरत पल की एक झलक दिखाई है, जब उन्होंने डेट करना शुरू किया था। उन्होंने सोनाक्षी के साथ एक फोटो शेयर की है, जो 7 साल पुरानी है। इस ब्लैंक व्हाइट फोटो में सोनाक्षी सिन्हा का हाथ जहीर के गले पर है और वो उन्हें प्यार से निहार रही हैं। जहीर ने कैप्शन में लिखा है, 'यह दिन, यह पल, यह एहसास।

# तंगी में बीता बचपन, छोटे से फ्लैट में किया गुजारा! आज 550 करोड़ की मालकिन है ये बच्ची

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हर एक्टर और एक्ट्रेस की अपनी एक कहानी है। किसी ने स्ट्रगल किया तो किसी को ये फेम विरासत में मिला। आज आपको एक ऐसी ही हसीना की अनसुनी कहानी बताने जा रहे हैं। बॉलीवुड की इस हसीना का नाम आज के दौर की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार किया जाता है। इस एक्ट्रेस ने बेहद कम उम्र में खुद को साबित किया है और अपने हुनर के दम पर नेशनल अवॉर्ड तक जीता। साल 2012 में डेब्यू करने वाली इस एक्ट्रेस ने 12 सालों के करियर में 22 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। आज वे बेशुमार दौलत की मालिकन हैं। लेकिन इस अदाकारा ने अपने बचपन में बहुत-सी परेशानियों को झेला है। हम जिस अदाकारा की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि साल 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं।

आलिया भट्ट के पास ना तो आज शोहरत की कमी है और ना दौलत का अभाव है। लेकिन एक्ट्रेस का बचपन बहुत तंगी में गुजरा है। एक फिल्म डायरेक्टर की बेटी होकर भी उन्होंने एक छोटे से फ्लैट में अपने दिन काटे। इस बात का खुलासा खुद उनकी मां सोनी राजदान ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था।

सोनी राजदान ने खुलासा किया था कि जब आलिया छोटी थीं तब वे खुद को सिंगल पेरेंट जैसा महसूस करती थीं। इसकी वजह ये थी कि महेश भट्ट काम में बहुत बिजी रहते थे. उस समय वे अपने बच्चों के साथ एक बेडरूम वाले छोटे फ्लैट में रहते थे। एक्ट्रेस की मां ने ये तक कहा था कि उस समय ना तो उनके पास स्मार्टफोन था और

ना ही आलिया के पास खेलने का कोई कमरा था। एक्ट्रेस के पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान बंगला है जिसकी कीमत करीब 32 करोड़ रुपए बताई जाती है। यही नहीं, उनके पास लंदन में भी एक घर है जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपए है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलिया भट्ट ने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की है। कपल एक हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। उनकी एक बेटी भी है जिसका नाम राहा कपूर है। घर के अलावा आलिया भट्ट कई लग्जीरियस गाड़ियों की भी मालकिन हैं।उनके पास अपनी बीएमडब्ल्यू 7 है जिसकी कीमत 1.76 करोड़ है। वहीं वे 2 करोड़ रुपए की कीमत वाली लैंड रोवर रेंज रोवर वोग की भी मालकिन हैं।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में मिले 55 आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को 55 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

### सोनहत में हुई हल्की बारिश

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास ग्रामों में 9 जुलाई की दोपहर बाद लगभग 4:30 बजे से कुछ देर के लिए रिमझिम बारिश हुई, इससे बेतहाशा उमस,गर्मी से आमजन हल्की राहत लेते नजर आए, वहीं किसानी कार्य में लगे किसान खासकर रोपाई आरंभ किए किसान होने वाली बारिश संजीवनी प्रदान करता नजर आया। हालांकि बारिश काफी देर तक नहीं रही ,फिर भी तैयार खेत आदि में बारिश लाभकारी होने से किसान वर्ग बरसते पानी में रोपाई कार्य जारी किए रहे। ज्ञात हो कि विगत दो-तीन दिनों से बारिश नहीं होने से किसान वर्ग आसपास स्टोर पानी से सिंचाई कर अगेती रोपाई कार्य करने में काफी व्यस्त नजर आ रहे हैं।

### परिवार नियोजन के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

**कोरबा।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रचार-प्रसार रथ को रवाना किया गया है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विकासखण्डों में घूमकर परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधन के संबंध में जागरूकता प्रदान करेगा। सीएमएचओ ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर कर परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जनता को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन के साधन निशुल्क उपलब्ध हैं इसमें पुरुष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भनिरोधक गोली, अंतर इंजेक्शन, कॉपर टी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को महिला नसबंदी हेतु 2000 तथा पुरूष नसबंदी हेतु 3000 प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

### संगठन के प्रयास से स्कूल बस सेवा शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अपनी जमीन देने वाले किसान अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं परंतु आवागमन की पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण बच्चों को अच्छे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करना मुश्किल हो रहा था। इस समस्या को देखते हुए श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के द्वारा पिछले एक वर्ष से प्रयास किया जा रहा था। इसका परिणाम अब देखने को मिला है। सोमवार को केंद्रीय विद्यालय एवं डीएवी स्कूल कुसमुंडा के बच्चों के लिए बस का शुभारंभ किया गया। कुसमुंडा क्षेत्र के ग्राम जटराज, पाली, पडनिया, सोनपुरी, खैरभावना, कनबेरी के अभिभावक बच्चों को कोरबा, कुसमुंडा विद्यालय छोड़ने के लिए हमेशा परेशान रहते थे। कोरबा से कुसमुंडा चलने वाली स्कूल बस में बैठाने के लिए प्रतिदिन सर्वमंगला चौक जाना पड़ता था। बरसात में छोटे-छोटे बच्चों को घर से चौक तक छोड़ना मुश्किल हो रहा था। यह व्यवस्था कुसमुंडा प्रबंधन के द्वारा वैकल्पिक रूप से प्रदान की गई है। स्थाई रूप से बस सुविधा सीएसआर या खनिज न्यास से प्राप्त करने हेतु प्रयास किया जाएगा। अभिभावकों की मंशा है कि हमारे बच्चों को कुसमुंडा कोरबा के लिए बस सुविधा प्राप्त हो, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हों सकें। इसके लिए श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन कुसमुंडा प्रयासरत है।

### कोरबा पूर्व संयत्र में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई 123वीं जयंती

**कोरबा।** डा. मा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह पूर्व में 6 जुलाई को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती मनायी गई। इस अवसर पर उपस्थित संयंत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता श्रीमती अंजना कुजुर, अति. मुख्य अभियंता संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी के आतिथ्य में डा. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कुजुर ने कहा डा. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ। वें बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थें। वे सच्चे अर्थो में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थें। डा मुखर्जी 33 वर्ष की अल्पायु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद की नियुक्ति पाने वाले सबसे कम आयु के कुलपति थे। स कार्यक्रम का संचालन वरि. कल्याण अधिकारी सह मुख्य रसायनज्ञ गोवर्धन सिदार के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर संयंत्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थें।

## शहर को हरा-भरा रखने किया जा रहा सतत पौधरोपण

# वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग: लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

ग्रीन वैली फाउंडेशन के लगातार क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने के उद्देश्य से पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का भी इस क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। ग्रीन वैली फाउंडेशन के द्वारा इमली गोलाई मनेन्द्रगढ़ में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया है।

पौधरोपण अभियान के दौरान उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी चंद्र अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है।

उन्होंने आमजन से स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण कर पौधरोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया साथ ही जोर दिया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी, इससे पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। इंजीनियर बसंत जायसवाल ने बताया कि आपदाओं को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी है।

पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। पर्यावरण प्रेमी संजय गायकवाड़ ने कहा

पौधरोपण करते ग्रीन वेली के सदस्य।

कि यहां का प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। सुंदर लाल दुग्गड़ ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अतिआवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़-पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। सतीश सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़-पौधे अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी रक्षा करें। अंत में कोरोना के प्रति जागरूकता के लिए भी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। आयोजन में इंजीनियर बसंत जायसवाल, प्रतिष्ठित व्यवसायी लक्ष्मी चंद्र अग्रवाल, लायंस क्लब के सुंदरलाल दुग्गड़, संजय गायकवाड़, अजय गायकवाड़, सतीश सिंह सहित ग्रीन वैली फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा इमली गोलाई में पौधरोपण किया गया। उपस्थितजन का आभार प्रदर्शन संजय गायकवाड़ ने किया।

# पीएमश्री में विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला चरचा में सोमवार को विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षण राज्य पीएम श्री नोडल अधिकारी आशीष गौतम, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे।

इस दौरान स्कूल संस्था द्वारा नोडल अधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विज्ञान प्रयोग में विज्ञान के विभिन्न शाखाएं जैसे भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित, खगोल विज्ञान, भू-विज्ञान से संबंधित प्रयोग का आयोजन किया गया। वहीं विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन में पीएम श्री प्राथमिक स्कूल, शासकीय मीडिल स्कूल एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल के नन्हें-मुन्नें बच्चों द्वारा निरीक्षण अधिकारी को विज्ञान के प्रति सभी विषयों में विस्तृत से जानकारी दी।

नोडल अधिकारी आशीष गौतम ने बच्चों के द्वारा किए गए प्रदर्शन को देख खुश होकर शाबासी दी। इस दौरान पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भेंट स्वरूप मेंमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र से नवाजा गया।

# विद्यार्थी को हमेशा गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए

प्रवेशोत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मौहारपारा स्थित प्राथमिक स्कूल में नव प्रवेशी बच्चों का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद जफरून्निशा शाह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुइं।

कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वार्ड नंबर 4 की पार्षद पार्षद जफरुन्निशा शाह ने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के शिक्षा एवं मार्गदर्शन अनुसार ही चलना चाहिए। हमेशा गुरुजन का सम्मान करें। उन्होंने बच्चों को मोबाइल पर ज्यादा समय बर्बाद नहीं कर पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। कार्यक्रम में बच्चे पार्षद जफरुन्निशा शाह को अपने बीच पाकर बहुत खुश नजर आए। शाला प्रवेशोत्सव में आए सभी अतिथियों ने कार्यक्रम के अंत में पौधरोपण किया,साथ ही एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत सभी अतिथियों ने शाला परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रधान पाठक गोविंद दास ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 4 की पार्षद जफरुन्निशा शाह, पूर्व पार्षद जमील शाह, संकुल प्रभारी उदयभान मिश्रा, राजेश बैगा, मनीष यादव, रेणुका यादव, अलका चौहथा, सुमा सेन सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

### खोंगापानी में नगर स्तरीय प्रवेशोत्सव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी में शाला प्रवेशोत्सव पर शासकीय हाईस्कूल के बच्चों के साथ मिलकर नगर स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक-शिक्षिका (गुरूजनों) के साथ मिलकर मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों को तिलक चंदन व उत्साहवर्धन कर पुस्तक मिष्ठान खिलाकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष खोंगापानी धीरेन्द्र विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं और लक्ष्य बनाकर पढ़ने, नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने शिक्षक, माता - पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा प्रवेशोत्सव को यादगार बनाते हुए सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मधुबाला कश्यप, पार्षद इरशाद अहमद, पी मनी, शिक्षक शिव चौधरी, मंडल कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद जितेन्द्र राय, अनीश, चंदन सिंह, राकेश बंसल एवं विद्यालय प्रांगण की शिक्षक - शिक्षिका सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत सिविल और राजस्व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों का निराकरण किया जाएगा, इसके अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण एवं बैंक रिकवरी के मामले भी राजीनामा के लिए रखे जाएंगे।

मुकदमा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा द्वारा निराकृत किया जा सकता है। धारा 188 भा.दं.सं, कोविड 19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों, जैसे यातायात उल्लंघन के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी खंडपीठों का गठन कर खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार पर बंटवारे के प्रकरण, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्रवाई के मामले, भाड़ा नियंत्रण संबंधी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रय पत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण किया जाएगा। राजीनामा योग्य मामलों के पक्षकार जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को 13 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में रखने के लिए संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकते हैं।

# चार नाबालिग सहित 18 बदमाशों से चोरी की 21 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने अलग-अलग थाना चौकी क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने चार नाबालिक सहित कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की कुल 21 मोटरसाइकिल एवं अन्य घरेलू सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम शहर व

**खास बात**

- पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में की थी बाइक चोर गिरोह की घेराबंदी

आउटर पर हो रही मोटरसाइकिल चोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की धर-पकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी( इस बीच जिला पुलिस की टीम ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह को धरदबोचा है। इस मामले में बालको पुलिस, दीपका पुलिस, सीएसईबी चौकी पुलिस व मानिकपुर चौकी पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्यवाही कर चार नाबालिक सहित कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में क्रमशः परसाभांठा बालकोनगर निवासी

पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

जगदीश साहनी उर्फ टिल्ली पिता राजदेव उम्र 19 साल, कृष्णा जायसवाल उर्फ ओंकार पिता महेस राम उम्र 19 साल, अनुप उर्फ ननकी पिता गणेष राम उम्र 23 साल, सावन उर्फ पाण्डो पिता स्व. दशरथ दास उम्र 24 साल, सूरज यादव पिता स्व अशोक यादव उम्र 21 साल, राजकुमार उर्फ गुडडास पिता बृज लाल यादव उम्र 23 साल, रामजीवन उर्फ दादू यादव पिता कुंवर सिंह उम्र 24 साल, सतीश मरावी पिताराम सिंह मरावी उम्र 19 साल, लचीदा थाना अटवीरा जिला बरगढ़ उड़ीसा निवासी गणेश कुम्हार उर्फ बच्चा पिता नकुल कुम्हार उम्र 36 वर्ष, अख्तियारपुर थाना अगोता जिला गाजियाबाद (उ.प्र.) निवासी भूपेन्द्र शर्मा पिता श्यामवीर शर्मा उम्र 54 वर्ष, खम्हार थाना खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) निवासी परिमल दास महंत पिता घासीदास महंत उम्र 35 वर्ष, छुरीकला निवासी देवांश उर्फ करील देवांगन पिता अरुण देवांगन उर्फ 24 साल, रजकम्मा निवासी राजकुमार पिता कमल सिंह कंवर उम्र 27 साल, एम/14 पंप हाउस कालोनी निवासी साहिल कुमार बांगले पिता मोहन लाल बांगले उम्र 19 साल, भैसमा निवासी ओमप्रकाश यादव उर्फ प्रकाश पिता सीताराम यादव उम्र 18 वर्ष, गायत्री नगर रजगामार उज्जवल खुंटे पिता सुखराम खुंटे उम्र 19 साल, लक्ष्मीनारायण कश्यप पिता ईश्वर कष्यप उम्र 24 वर्ष, नवरतन दास पिता सालिक दास उम्र 19 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बूलेट, होण्डा एक्टिवा, स्पलेंडर, डिलक्स एवं अन्य कंपनियों के कुल 21 नग मोटर सायकल तथा फ्रीज एक कुलर, एक एसी, एक इन्वर्टर बैटरी और गैस चूल्हा सिलेंडर एक नग पानी फिल्टर को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# रथयात्रा के मेले में महिला से चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह की सरगना गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले के प्रसिद्ध ग्राम दादर में रथयात्रा के दौरान एक शातिर महिला एक महिला के गले से चैन स्नेचिंग कर भागने की कोशिश कर रही थी लेकिन पुलिस की तगड़ी सुरक्षा घेराबंदी के चलते चोरी कर भाग रही शातिर महिला को पुलिस ने धरदबोचा है। महिला के कब्जे से चोरी की चैन को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि रविवार को रथयात्रा के मद्देनजर दादर में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की चाक चौबंद

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी पुलिस ने की थी तगड़ी सुरक्षा घेरा, जिसके चलते महिला भागने में नहीं हो पायी कामयाब

व्यवस्था लगाई गई थी लेकिन इस दौरान भी कई चोर गिरोह मेले में सक्रिय था।

बताया जाता है कि जंगल कॉलोनी निवासी रतन यादव 50 वर्ष अपने परिवार के साथ रथयात्रा देखने गई हुई थी। इस दौरान देर शाम को बलरामपुर कुसमी निवासी हाल मुकाम बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कोनकोना निवासी बाराती गिरी 30 वर्ष पति सुरेंद्र गिरी अपने गिरोह के साथ मौके पर एक्टिव थी। जहां बाराती गिरी ने रतना यादव के गले से चेन स्नेचिंग कर भागने की कोशिश कर रही थी जैसे ही इसकी भनक पुलिस के अधिकारियों को लगी मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद यादव और उनकी टीम एक्टिव हो गई और चेन स्नेचिंग कर भाग रही बाराती गिरी को पुलिस ने तत्काल धरदबोचा।

# सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है।मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अमरैय्यापारा की है। यहां निवासरत मुकेश शाह की पत्नी सुनीता देवी उम्र लगभग 40 वर्ष 4 दिनों पूर्व निहारिका क्षेत्र में हादसे की शिकार हो गई थी। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए रविवार की देर शाम उसे मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया था कि इलाज के दौरान सुनीता देवी की मौत हो गई है।

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बैकुण्ठपुर जिला -कोरिया (छ.ग.)**
**// आम ईश्तहार/ नोटिस//**

प्रोसेस क्रमांक - 209/2024
आदेश दिनांक - 02/07/2024
पेशी दिनांक - 14/08/2024
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक - .....

श्रीमती पूनम देवी बेवा स्व. सुशील कुमार सिंह आयु 61 वर्ष जाति कोइरी निवासी ग्राम महाराणा प्रताप कॉलोनी चरचा, पोस्ट चरचा तहसील बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग. ।..... आवेदिका प्रति, 1- शाखा प्रबंधक छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा कार्यालय चरचा कॉलरी जिला कोरिया छ.ग.। 2- दिलीप कुमार सिंह आ. स्व. सुशील कुमार सिंह आयु 49 वर्ष जाति कोइरी निवासी ए-40बी प्रथमफ्लोर खे.न. 320 अली विहार जगदम्बा कॉलोनी दक्षिण दिल्ली, दिल्ली 110076 3- संतोष कुमार सिंह आ. स्व. सुशील कुमार सिंह आयु 41 वर्ष जाति कोइरी निवासी ग्राम रानीपुर कहलगाँव लगमा, लगमा भागलपुर बिहार 813222 4- मुकेश कुमार सिंह आ. स्व. सुशील कुमार सिंह आयु 40 वर्ष, जाति कोइरी निवासी पंचवटी कॉलोनी गेट नं. 01 हाउस नं. 342 नीयर जे.सी.बी. शोरूम इन्दौर म.प्र. पीन कोड 453771 5- अजय कुमार सिंह आ. स्व. सुशील कुमार सिंह आयु 38 वर्ष जाति कोइरी निवासी ग्राम रूपनगर चरचा, पोस्ट चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.। 6- सर्वसाधारण। ...अनावेदकगण बनाम:-

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक स्व. सुशील कुमार सिंह के नाम पर अनावेदक क्रमांक 01 के कार्यालय में जमा राशि को मय ब्याज सहित की राशि को भी प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 14/08/2024 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐस दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 04/07/2024 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

(समीर कुजूर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

## जिला कांग्रेस ने सुभाष चौक निहारिका में किया धरना-प्रदर्शन

# राज्य सरकार बढ़ी बिजली दर ले वापस : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सरकार समय पर बिजली नहीं दे पा रही है। बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह नियम आम जनता पर अत्याचार है। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है, इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। प्रदेश की भाजपा सरकार को बिजली दर में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए।

उक्त बातें सांसद ज्योत्सना महंत ने सुभाष चौक निहारिका में जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान महापौर राजकिशोर

धरना को संबोधित करते महापौर।

ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था, जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई है। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल रहती है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि भाजपा से न सरकार संभल रहा है और न ही व्यवस्थाएं। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षद पालूराम साहू, सुखसागर, डॉ गोपाल कुर्रे, सीताराम चौहान, अरिफ खान, सीमा उपाध्याय, नफीजा हुसैन, महेन्द्र निर्मलकर, पवन विश्वकर्मा एवं राजेश यादव धरना प्रदर्शन को संबोधित किया। दर्री, बालको, कुसमुण्डा, बांकीमोंगरा, कटघोरा, पाली, पोडी उपरोडा, पसान, दीपका, हरदीबाजार, करतला, एवं बरपाली ब्लाक में भी कांग्रेस पदाधिकारी एवं आमजनों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है। इस मौके पर सुरेश कुमार सहगल, आंनद पालीवाल, मो. शाहिद, बच्चुलाल मखवानी, कुंजबिहारी साहू, राजेन्द्र सूर्यवंशी, अनवर रजा, बेद नायक, बनवारी पाहुजा, श्रीमती सपना चौहान, राजेन्द्र तिवारी, सुरज महंत, धुरपाल सिंह कंवर, मनीराम साहू, दुष्यंत शर्मा, गजानंद साहू, मुकेश राठौर एफडी मानिकपुरी, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।